# काला सागर

स्रोत: द हिंदू

**यूक्रेन ने रूस के काला सागर बेड़े पर कई सफल हमले किये** जिससे रूस को महत्त्वपूर्ण नुकसान हुआ जिसके बाद **एडमिरल अलेक्ज़ेंडर मोइसेव** को रूस के नौसेना का नया कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त किया गया।

## काला सागर से संबंधित प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:**
  - काला सागर को **यूक्सिनि (Euxine) सागर** के नाम से भी जाना जाता है। यह विश्व के प्रमुख जल स्रोतों और प्रसिद्ध अंतर्देशीय समुद्रों में से एक है।
  - अटलांटिक महासागर का यह सीमांत समुद्र पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है।
- **भौगोलिक अवस्थिति:**
  - **सीमावर्ती देश:** काला सागर के उत्तर और उत्तर-पश्चिम में यूक्रेन, पूर्व में रूस एवं जॉर्जिया, दक्षिण में तुर्की तथा पश्चिम में बुल्गारिया व रोमानिया स्थित है।

**नोट:**???? ???? ?? ????????? ????? ?? **BURGeR-T** (??????????, ???????, ???, ????????, ???????? ?? ????????) ?? ??? ?? ???? ???? ???

- **समुद्री सीमा:** यह **बोस्फोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से मरमरा सागर** से और फिर **डार्डानेल्स जलडमरूमध्य** के माध्यम से **एजियन सागर** (भूमध्य सागर का एक लंबा तटबंध) से जुड़ी हुई है।
  - **तुर्की जलडमरूमध्य प्रणाली**- डार्डानेल्स, बोस्पोरस और मरमरा सागर- भूमध्यसागर तथा **काला सागर के बीच एक ट्रांज़ीशन ज़ोन के रूप में कार्य** करती है।
    - आज़ोव सागर, काला सागर का एक उत्तरी विस्तार है जो कर्च जलडमरूमध्य से जुड़ा हुआ है।
  - **आस-पास के पर्वत:** काला सागर दक्षिण में पोंटिक, पूर्व में काकेशस और उत्तर में क्रीमियन पर्वतों से घिरा हुआ है।
- **बहने वाली नदियाँ:**
  - काला सागर की जल आपूर्ति प्रमुख नदियों द्वारा की जाती है, मुख्यतः**डेन्यूब** (रूस में वोल्गा के बाद यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी),**नीपर और डेनिस्टर** द्वारा।




**और पढ़ें** - [रूस-यूक्रेन संघरष](), [भू-मध्य सागर]()

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. नम्निलखिति युग्मों पर वचिार कीजयि: (2019)**

**समुद्री सीमा देश**

1. एड्रयािटकि सागर : अल्बानयि
2. काला सागर : क्रोएशयि
3. कैस्पयिन सागर : कज़ाकस्तिान
4. भू-मध्य सागर : मोरक्को
5. लाल सागर : सीरयि

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलति है/हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. टर्की कनिके मध्य स्थति है? (2014)**

(a) काला सागर और कैस्पयिन सागर
(b) काला सागर और भूमध्य सागर
(c) स्वेज़ की खाड़ी और भूमध्य सागर

(d) अकाबा की खाड़ी और मृत सागर

**उत्तर: (b)**

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/26-03-2024/print